कार्यालय, प्रखण्ड शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बाईट)

माधोपट्टी (दरभंगा)

कार्यालय–आदेश

डी0एल0एड (फेस–टु–फेस) सत्र– 2020–22 में नामांकन हेतु अभ्यर्थियों से प्रथम चयनित सूची का नामांकन दिनांक– 06.02.2021 से 10.02.2021 तक एवं द्वितीय चयन सूची का नामांकन 15.02.2021 से 17.02.2021 तक करने के उपरांत शेष रिक्त सीटों के विरूद्ध विज्ञान तथा कला/वाणिज्य/उर्दू दोनो संकायों के अभ्यर्थियों के नामांकन हेतु काउन्सलिंग संस्थान में **दिनांक–24.02.2021 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 04 बजे एवं 25.02.2021 के अपराह्न 2.00 बजे तक** किया जाएगा। इस काउन्सलिंग में शेष रिक्त सीटों के लगभग 03 गुना अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जा रहा है। काउन्सलिंग हेतु अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की डाउनलोड प्रति सहित सभी प्रमाणपत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। काउन्सलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के नामांकन का दावा स्वतः समाप्त माना जाएगा।

ज्ञातव्य हो कि काउन्सलिंग में उपस्थित अभ्यर्थियों से ही उनके कोटि एवं मेधा अंक के आधार पर नामांकन के लिए अभ्यर्थियों का चयनकर सूची का निर्माण किया जाएगा एवं चयनित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन व नामांकन संबंधित सूचना संस्थान के सूचना–पट्ट एवं वेबसाईट **www.bietmadhopatti.com** पर उपलब्ध रहेगा।

विज्ञान तथा कला/वाणिज्य के अभ्यर्थियों के काउन्सलिंग हेतु निर्धारित सूची संलग्न है।

काउनसिलिंग से संबंधित अन्य निर्देश निम्नवत् है :–

1. काउन्सलिंग में केवल वैसे अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे जिनका नाम कोटिवार प्रतीक्षा सूची में अंकित है। (ऐसे आवेदक जिनका नाम प्रथम एवं द्वितीय नामांकन सूची में अंकित था, परन्तु उन्होंने नामांकन नही लिया वे काउन्सलिंग में भाग नही लेंगे।)
2. अभ्यर्थी जिन्होंने दिनांक–21.01.2020 के पूर्व इंटर की अहर्ता प्राप्त कर ली हो वही काउन्सलिंग में सम्मिलित होंगे।
3. अभ्यर्थी ने जिस विषय/संकाय हेतु आवेदन दिया है उन्हें उसका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। गलत विषय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर उन्हें काउन्सलिंग में सम्मिलित नही किया जायेगा।
4. प्रतिक्षा सूची अंतिम मेधा–सूची के आधार पर तैयार की गई है अतः अभ्यर्थी के प्रमाण पत्रों के तथ्यों एवं अंतिम मेधा–सूची के तथ्यों यथा–नाम, आवेदन का विषय, जन्मतिथि, कोटि, प्राप्तांक आदि में असमानता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी को काउन्सलिंग में शामिल नही किया जायेगा।
5. विभागीय आदेशानुसार पॉलिटेकनिक, उप शास्त्री, शास्त्री योग्यताधारी अभ्यर्थी काउन्सलिंग में सम्मिलित नहीं होंगे।
6. काउनसिलिंग में अभ्यर्थी को सभी मूल प्रमाण पत्रों यथा शैक्षणिक कोटि, आरक्षित कोटि, आवासीय, दव्यांगता, दिव्यांग आवेदकों हेतु आदि को प्रस्तुत करना होगा जिसका मिलान कर पुनः उसे उन्हें वापस कर दिया जाएगा। नामांकन होने की स्थिति में नामांकन तिथि को अभ्यर्थी पुनः उन मूल प्रमाण पत्रों को उपलब्ध करायेंगे। काउन्सलिंग में अभ्यर्थी सभी प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति भी लेकर आयेंगे।

Scanned with CamScanner

7. काउन्सलिंग में अभ्यर्थी को विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र नही लाना है परंतु नामांकन होने की स्थिति में नामांकन तिथि को अभ्यर्थी को विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र आवश्यक रुप से उपलब्ध कराना होगा। साथ ही नामांकन होने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा नामांकन तिथि को उनके सभी प्रमाण पत्रों के सही होन संबंधी शपथ पत्र भी उपलब्ध कराना होगा।

संबंधित अभ्यर्थी उपरोक्त दास्तावेज के साथ काउन्सलिंग प्रपत्र को भरकर ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी के साथ दिनांक–24.02.2021 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 04 बजे एवं 25.02.2021 के अपराह्न 2.00 बजे तक तक संस्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि को अंतिम समय तक काउन्सलिंग में उपस्थित नही होने की स्थिति में उनके सत्र 2020–22 में नामांकन का दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा तथा उन्हें कोई अन्य अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

Sanjeev Kumar
22.02.2021
नामांकन प्रभारी
बाईट माधोपट्‌टी, दरभंगा।

22/02
प्राचार्य
बाईट माधोपट्‌टी, दरभंगा।

Scanned with CamScanner